रणजीत टाइम्स

इंदौर

शुक्रवार, 6 फरवरी, 2026

वर्ष 02 | अंक 34 कुल पृष्ठ : 8 | Digital

RNI-NO.MPHIN/2015/64585

प्रधान संपादक : गोपाल गावंडे


## ब्लूमबर्ग की रिपोर्ट में खुलासा... अमेरिका से रिश्ते सुधारने में राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार की बड़ी भूमिका

# डोभाल ने कह दिया था... भारत किसी दबाव में नहीं आएगा, ट्रंप के हटने का इंतजार करेंगे

**नई दिल्ली, एजेंसी**

अमेरिका के साथ हुई ट्रेड डील अभी सामने आई है लेकिन पीछे राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजित डोभाल की बड़ी भूमिका रही है। इसका खुलासा अमेरिकी मीडिया ब्लूमबर्ग की रिपोर्ट में हुआ है। दोनों देशों के बीच रिश्ते सुधारने के लिए डोभाल को वॉशिंगटन भेजा गया था। वहां उन्होंने अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रूबियो से मुलाकात की। रिपोर्ट के मुताबिक रूबियो से बातचीत में डोभाल ने साफ कहा कि भारत अमेरिका के साथ चल रही कड़वाहट को खत्म करना चाहता है और दोबारा ट्रेड डील पर बातचीत शुरू करने के लिए तैयार है। हालांकि, उन्होंने ने यह भी स्पष्ट किया कि भारत किसी भी तरह के दबाव में नहीं आएगा।

उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पिछले साल सितंबर की शुरुआत में चीन गए थे, जहां उन्होंने रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग से दोस्ताना मुलाकात की थी। इसके कुछ ही दिनों बाद भारत ने अमेरिका के साथ बिगड़ते रिश्तों को संभालने की कोशिशें तेज कर दी थीं। इसी के तहत अजीत डोभाल को भेजा गया था। ब्लूमबर्ग की रिपोर्ट में चौंकाने वाला खुलासा यह भी हुआ है कि डोभाल ने चर्चा में साफ कर दिया था कि अगर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और उनकी टीम सख्त रुख अपनाती है, तो भारत मौजूदा सरकार के कार्यकाल के खत्म होने का इंतजार भी कर सकता है। भारत इससे पहले भी अमेरिका की मुश्किल सरकारों का सामना कर चुका है। डोभाल ने यह भी कहा था कि भारत चाहता है कि ट्रंप और उनके सहयोगी भारत के खिलाफ खुलेआम बयान देना बंद करें, ताकि रिश्ते



दोबारा पटरी पर आ सकें। उस वक्त भारत ट्रंप के बयानों से नाराज था, क्योंकि अगस्त में ट्रंप ने भारतीय सामान पर 50 फीसदी टैक्स लगा दिया था। ट्रंप ने भारत की अर्थव्यवस्था को 'डेड' (मरी हुई) कहा था और आरोप लगाया था कि भारत रूस से तेल खरीदकर यूक्रेन युद्ध में मदद कर रहा है।

### और...बदलने लगे हालात

रिपोर्ट के मुताबिक, डोभाल की इस बातचीत के कुछ ही दिनों बाद हालात बदलते दिखने लगे। 16 सितंबर को ट्रंप ने पीएम मोदी को उनके जन्मदिन पर फोन किया और उनके काम की तारीफ की। इसके बाद साल के अंत तक दोनों नेताओं के बीच चार बार और फोन पर बातचीत हुई। इसी दौरान दोनों देश टैक्स कम करने वाले समझौते की तरफ बढ़ते रहे। बीती 2 फरवरी को अचानक सोशल मीडिया पर राष्ट्रपति ट्रम्प ने बताया कि उन्होंने पीएम मोदी से फोन पर बातचीत की है और भारत-अमेरिका के बीच ट्रेड डील हो गई है। ब्लूमबर्ग की रिपोर्ट के मुताबिक, इस ऐलान से नई दिल्ली में कई बड़े अधिकारी भी चौंक गए। यहां तक कि जो लोग ट्रेड बातचीत में शामिल थे, उन्हें भी उस दिन मोदी और ट्रम्प की कॉल के बारे में पहले से जानकारी नहीं थी।

### जयशंकर ने क्रिटिकल मिनरल्स ब्लॉक का समर्थन किया

**वॉशिंगटन।** विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने कहा कि भारत क्रिटिकल मिनरल्स की सप्लाई चेन में रिस्क कम करने के लिए अंतरराष्ट्रीय सहयोग का समर्थन करता है। यह बयान ऐसे समय आया है, जब अमेरिका ने अपने सहयोगी देशों से समन्वित ट्रेडिंग फ्रेमवर्क की दिशा में काम करने का आग्रह किया है। वॉशिंगटन में आयोजित 'क्रिटिकल मिनरल्स मिनिस्टीरियल' को संबोधित करते हुए विदेश मंत्री ने ग्लोबल सप्लाई चेन में अत्यधिक एकाग्रता से पैदा होने वाले जोखिमों की ओर ध्यान दिलाया। उन्होंने कहा कि इन जोखिमों को कम करने के लिए देशों के बीच समन्वित और संरचित सहयोग जरूरी है। जयशंकर ने सप्लाई चेन को मजबूत बनाने के लिए भारत की पहलों का उल्लेख किया। इनमें नेशनल क्रिटिकल मिनरल्स मिशन, रेयर अर्थ कॉरिडोर्स और जिम्मेदार वाणिज्य शामिल हैं। उन्होंने क्रिटिकल मिनरल्स से जुड़ी 'फोर्ज' पहल के लिए भी भारत के समर्थन की बात कही। उनकी यह टिप्पणी ऐसे समय आई, जब अमेरिकी उपराष्ट्रपति जे.डी. वेंस ने सहयोगी और साझेदार देशों से मिलकर वैश्विक क्रिटिकल मिनरल्स बाजार को नया आकार देने का आह्वान किया। वेंस ने कहा कि आधुनिक अर्थव्यवस्थाएं अब भी 'वास्तविक चीजों' पर निर्भर हैं और क्रिटिकल मिनरल्स तेल और गैस जितने ही जरूरी हैं।

### वॉशिंगटन पोस्ट में छंटनी

## थरूर के बेटे ईशान की भी नौकरी गई

**न्यूयॉर्क, एजेंसी**

दुनिया के सबसे प्रतिष्ठित अखबारों में गिने जाने वाले द वॉशिंगटन पोस्ट में बड़े पैमाने पर छंटनी की गई। छंटनी के बाद कई वरिष्ठ और अनुभवी पत्रकारों ने सोशल मीडिया पर अपना दर्द साझा किया। इस छंटनी में कांग्रेस सांसद शशि थरूर के बेटे ईशान थरूर भी शामिल है। ईशान लंबे समय से वॉशिंगटन पोस्ट से जुड़े थे। छंटनी का शिकार हुए ईसान थरूर ने सोशल मीडिया पर पोस्ट कर अपना दर्द साझा किया। ईशान ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा कि उन्हें नौकरी से निकाले जाने का बेहद दुख है।



## भोपाल का 'सीरियल कटर मैन' गिरफ्तार

**भोपाल।** शहर में पिछले दिनों पिपलानी और अयोध्या नगर में युवतियों पर ब्लेड से हमला करने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। देर रात छोला क्षेत्र में घेराबंदी कर उसे पकड़ा गया। प्रारंभिक जानकारी के मुताबिक वह सागर जिले का रहने वाला है और अपनी पत्नी से हुए झगड़े के बाद युवतियों पर हमला कर गुस्सा निकाल रहा था।

### शाह पर मुकदमा चलाने की अनुमति का मामला

## कोर्ट की मोहलत के दो हफ्ते बीते, जल्द लेना होगा फैसला

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

मध्य प्रदेश के जनजातीय कार्य विभाग के मंत्री विजय शाह द्वारा कर्नल सोफिया कुरैशी को लेकर की गई अपमानजनक टिप्पणी के मामले में अभियोजन स्वीकृति के संबंध में निर्णय लिए जाने की सुप्रीम कोर्ट द्वारा तय दो हफ्ते की समयावधि आज समाप्त हो रही है।

उधर, मोहन यादव सरकार और बीजेपी प्रदेश संगठन को इस मामले को पार्टी के केंद्रीय नेतृत्व के फैसले का इंतजार है। सूत्रों का कहना है कि सरकार सभी परिस्थितियों पर विचार कर रही है और केंद्रीय नेतृत्व को सभी तरह के हालत से अवगत करा दिया है। मामले से जुड़े अफसरों का कहना है कि केंद्रीय नेतृत्व के फैसले का इंतजार किया जा रहा है। पिछले दिनों मुख्यमंत्री ने दिल्ली प्रवास के दौरान भी इस मामले में केंद्रीय नेतृत्व से चर्चा की है और वहां से आने वाले फैसले पर ही आगे की कार्रवाई तय होगी। सामान्य प्रशासन विभाग के अफसरों का कहना है कि अभी तक उनके पास कोई निर्देश नहीं आए हैं।

गौरतलब है कि सुप्रीम कोर्ट ने 19 जनवरी को राज्य सरकार को



निर्देश दिया था कि विजय शाह के विरुद्ध एसआईटी की जांच रिपोर्ट के आधार पर लंबित अभियोजन स्वीकृति पर दो सप्ताह के अंदर निर्णय लिया जाए। यह अवधि 2 फरवरी को पूरी हो गई है लेकिन अभी तक कोई निर्णय नहीं हो सका है।

### 9 फरवरी को होगी सुप्रीम कोर्ट में अगली सुनवाई

सरकार के सूत्रों को कहना है कि सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई 9 फरवरी को है, लेकिन कार्यदिवस के आधार पर 2 सप्ताह की मोहलत 5 फरवरी तक है। इसलिए सरकार के पास अभी 3 दिन का वक्त है। सुप्रीम कोर्ट के निर्देश पर गठित एसआईटी 6 माह पहले ही अपनी अंतिम जांच रिपोर्ट राज्य सरकार को भेज चुकी है। रिपोर्ट में आरोपों की पुष्टि के साथ ही मुकदमा चलाने की स्वीकृति देने की सिफारिश की गई है।

### सहकारिता पर आधारित पहली सेवा, ड्राइवर्स को भी फायदा

## भारत टैक्सी ऐप की आज लॉन्चिंग, सफर होगा सस्ता

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

देश की पहली को-ऑपरेटिव टैक्सी सर्विस 'भारत टैक्सी ऐप' आज आधिकारिक रूप से लॉन्च हो रही है। यह एक स्वदेशी ऐप है, जो ओला-उबर जैसी सेवाओं के मुकाबले कम दाम में सफर की सुविधा देगा। इसकी पायलट शुरुआत दिल्ली में पिछले साल 2 दिसंबर से हुई थी और अब यह तेजी से लोकप्रिय हो रहा है। गूगल प्ले स्टोर पर इसके एक लाख से ज्यादा डाउनलोड हो चुके हैं। गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह के अनुसार, भारत सरकार के सहकारिता मंत्रालय की पहल से शुरू की गई यह सेवा देश की अलग-अलग सहकारिता संस्थाओं द्वारा संचालित की जाएगी।

इस देसी टैक्सी एप पर 1 लाख 40 हजार से ज्यादा ड्राइवर रजिस्टर्ड हैं। इसका मकसद पैसेंजर को सस्ता और सुरक्षित सफर देना है, साथ ही ड्राइवर को ज्यादा कमाई होगी और कोई सरप्राइज कमीशन नहीं नहीं लिया जाएगा।





इसे ड्राइवरों का अपना प्लेटफॉर्म बनाया गया है। इसमें कैब, ऑटो, बाइक बुक कर सकते हैं। साथ ही रेंटल, इंटरसिटी ट्रिप और मेट्रो टिकट भी बुक होते हैं। ऐप हिंदी, इंग्लिश और गुजराती में उपलब्ध है। आगे और भाषाएं आने वाली हैं। ये ऐप कोई कमीशन नहीं लेता, ड्राइवर को पूरा फेयर मिलता है। पैसेंजर को ट्रांसपरेंट फेयर मिलता है, कोई सरज चार्ज नहीं है।

## खरगे से बोले नड्डा... अपनी पार्टी को अबोध बालक का बंधक मत बनाइए

**नईदिल्ली, एजेंसी**

राज्यसभा में आज कार्यवाही शुरू होने के बाद सदन के नेता जेपी नड्डा और विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खरगे के बीच तीखी बहस देखने को मिली। जेपी नड्डा ने कांग्रेस सांसद राहुल गांधी का नाम लिए बगैर, उन्हें अबोध बालक कहा।

राहुल गांधी पर निशाना साधते हुए जेपी नड्डा ने कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे से कहा, 'आप हमसे बहुत सीनियर हैं... एक बात मैं जरूर निवेदन करूंगा। अपनी पार्टी को अबोध बालक का बंधक मत बनने दीजिए।' जेपी नड्डा ने कहा कि अबोध और अहंकार का मिक्सचर डेडली होता है। कांग्रेस को उस अबोध व्यक्ति से बाहर निकलना चाहिए। आपको पार्टी के अंदर भी इस बात को समझाना चाहिए कि लोकतांत्रिक तरीके



से ही हमें काम करना है। नड्डा ने कहा, प्रधानमंत्री के नेतृत्व वाली सरकार हर समय और सभी विषयों पर चर्चा के लिए तैयार है। लोकसभा में पीएम जवाब देने के लिए तैयार बैठे रहे, लेकिन विपक्ष ने लोकसभा को चलने नहीं दिया। संसदीय कार्यमंत्री किरेन रिजिजू ने कहा कि विपक्ष को सदन की कार्यवाही में बाधा नहीं डालना चाहिए। उन्होंने कहा कि लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी को बोलने नहीं देना का आरोप गलत है।

## अल फलाह का चेयरमैन जवाद अहमद गिरफ्तार

**फरीदाबाद, एजेंसी**

हरियाणा के फरीदाबाद में स्थित अल फलाह यूनिवर्सिटी एक बार फिर जांच एजेंसियों के रडार पर आ गई है। दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच ने विश्वविद्यालय के चेयरमैन जवाद अहमद सिद्दिकी को कथित धोखाधड़ी और जालसाजी के मामले में गिरफ्तार किया है। गिरफ्तारी के बाद उन्हें अदालत में पेश किया गया, उसे पुलिस को चार दिन की हिरासत मिली है।पुलिस अधिकारियों के अनुसार, सिद्दिकी पर गंभीर वित्तीय व प्रशासनिक अनियमितताओं के आरोप हैं। पूछताछ के दौरान कई अहम जानकारियों के सामने आने की संभावना जताई जा रही है।

# कंडीशनिंग व अंहकार आध्यात्मिक उन्नति की बाधाएं हैं : श्री माताजी

**सहजयोग की संस्थापिका आदिशक्ति श्री माताजी निर्मला देवी ने अपनी अमृतवाणी में कई बार दिशा निर्देशित किया है कि मनुष्य को सभी प्रकार के बंधनों से अर्थात कंडीशनिंग से स्वयं को मुक्त रखना चाहिए। तभी आप के तार परम चैतन्य से जुड़ सकते हैं यहां बंधन मुक्ति तथा अनुशासनहीनता में अंतर है वह हमें समझना चाहिए। प्रत्येक व्यक्ति के जीवन में अनुशासन अत्यंत आवश्यक है विशेषतः सहजयोगी के लिए। हमारा जीवन सदैव बहती हुई नदी के समान गतिमान होना चाहिए, ना की ठहरे हुए तालाब की तरह परंतु यह ध्यान रखना चाहिए कि नदी तभी तक नदी होती है जब तक वह किनारों के अनुशासन में रहकर अपने मार्ग में आने वाली हर छोटी बड़ी बाधा को सहज प्रकृति से स्वीकार करते हुए अंत में सागर से एकाकार हो जाती है।**



कंडीशनिंग से श्री माताजी का तात्पर्य था कि हमें यह रंग पसंद है, तो यह खाना नापसंद है, हमें सोने के लिए निश्चित तरह का वातावरण अथवा बिस्तर चाहिए इत्यादि। इसके अतिरिक्त धार्मिक आडंबर को लेकर अपने व्यवसाय को लेकर रिश्ते नातों को लेकर हम अपने आप को अनेक सीमाओं में बांध लेते हैं, और यह सीमाएं हमारी अध्यात्मिक प्रगति में बाधा उत्पन्न करती है। कंडीशनिंग हमारे अहंकार के तुष्टीकरण का कारण बनती है। श्री माताजी के पावन शब्दों में, "मुझे यह पसंद है, मुझे यह पसंद नहीं यह शब्द उपयोग नहीं किए जाने चाहिए।"

कंडीशनिंग में जीते-जीते हम सिर्फ स्वयं से प्रेम करने लगते हैं। अपनी सुविधा ही आपका लक्ष्य बन जाती हैं और आप महानता के अहंकार में फंस जाते हैं।

अतः श्री माताजी ने कहा है, "अहम की समस्या के कारण हम अत्यंत विघटित हैं छोटी-छोटी चीजों के विषय में यदि आपने अपना समय व्यर्थ करना है तो आप का विघटन बढ़ जाएगा। मुझे यह पसंद नहीं- मैं ऐसा नहीं करता- ऐसा मुझे दिखाई नहीं देता यह सभी निर्णय अहं के माध्यम से ही होते हैं।" सहज योग द्वारा हम अपनी जीवनशैली में उपस्थित कंडीशनिंग को बहुत ही सहज रूप से जीत पाते हैं। कुंडलिनी जागरण द्वारा आत्म साक्षात्कार प्राप्त कर आपके लिए यह कार्य अत्यंत सहज हो जाता है तथा व्यर्थ के बंधनों से स्वयं को मुक्त पाकर हमारा हृदय प्रेममय, विशाल व प्रफुल्लित हो जाता है। हमारा जीवन आध्यात्मिक, पारिवारिक, व्यवसायिक तथा सामाजिक प्रत्येक क्षेत्र में प्रतिदिन नए-नए आयामों को छूने लगता है ।

अतः प्रत्येक व्यक्ति को जो अपने अस्तित्व के सत्य को जानना चाहता है, उसे सहज योग अपनाकर श्री माताजी द्वारा प्रदत्त इस अनमोल भेंट का लाभ अवश्य ही लेना चाहिए। सहजयोग से संबंधित जानकारी टोल फ्री नंबर18002700800 अथवा यूट्यूब चैनल लर्निंग सहजयोगा से प्राप्त कर सकते हैं।

# सड़क सुरक्षा के प्रति विद्यार्थियो को किया गया जागरूक



प्रदीप सिंह बघेल

शहडोल पं. शंभूनाथ विश्व विद्यालय परिसर शहडोल में पीएम उषा के तहत सड़क सुरक्षा के प्रति विद्यार्थियो को जागरूक करने कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम को सम्बोंधित करते हुए यातायात प्रभारी श्री संजय जायसवाल ने कहा कि कार्यक्रम का उद्देश्य लोगों को यातायात नियमों के प्रति सजग बनाना एवं सुरक्षित सड़क व्यवहार को बढ़ावा देना। उन्होंने कहा कि सड़क दुर्घटनाओं का मुख्य कारण यातायात नियमों की अनदेखी, तेज गति, हेलमेट एवं सीट बेल्ट का प्रयोग न करना तथा मोबाइल फोन का उपयोग करते हुए वाहन चलाना है। उन्होंने नागरिकों से अपील की कि वाहन चलाते समय यातायात संकेतों का पालन करें, नशे की अवस्था में वाहन न चलाएँ और स्वयं के साथ-साथ दूसरों की सुरक्षा को भी प्राथमिकता दें। उन्होंने कहा कि ऐसे प्रशिक्षण एवं शैक्षणिक कार्यक्रम युवाओं में अनुशासन, कौशल और सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना विकसित करते हैं। उन्होंने कहा कि शिक्षा केवल डिग्री तक सीमित नहीं है, बल्कि उसका उद्देश्य व्यवहारिक ज्ञान और राष्ट्र निर्माण में सहभागिता है। कार्यक्रम को सम्बोंधित करते हुए प्रो. गीता सराफ ने कहा कि प्रधानमंत्री उषा जैसी योजनाएँ उच्च शिक्षा को गुणवत्तापूर्ण, रोजगारोन्मुखी और नवाचार आधारित बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल हैं। उन्होंने आयोजन से जुड़े सभी समन्वयकों, प्रशिक्षकों एवं प्रतिभागियों को बधाई देते हुए कहा कि विश्वविद्यालय निरंतर विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए प्रतिबद्ध है।

इस अवसर पर सूबेदार सुश्री प्रियंका शर्मा, ट्रेफिक पुलिस श्री विवेकानंद तिवारी ने भी विद्यार्थियो को यातायात के नियमो के प्रति जागरूक किया। कार्यक्रम में "सड़क सुरक्षा जीवन सुरक्षा" है जैसे स्लोगन प्रदर्षित कर यातायात नियमो के प्रति जनमानस को जागरूक किया गया। कार्यक्रम में सेड मैप प्रभारी श्री रवि विश्वकर्मा, डॉ. रचना दुबे सहित विद्यार्थी उपस्थित रहें।

# रेत माफिया सक्रिय अधिकारीयों कि हो रही रेकी माफिया के हौसले बुलंद

प्रदीप सिंह बघेल

शहडोल में रेत माफिया अब कानून की सरहदें लांघ चुका है। वैध ठेका नहीं... लेकिन अवैध रेत का साम्राज्य पूरे जिले में फैला हुआ है। हालात इतने बेकाबू हैं कि खनिज निरीक्षक की मौजूदगी में ही रेत से लदे ट्रैक्टर फरार हो रहे हैं। अफसरों की हर गतिविधि पर नजर रखने के लिए बाकायदा रेकी तंत्र खड़ा कर दिया गया है। सवाल बड़ा है कि क्या रेत माफिया प्रशासन से एक कदम आगे चल रहा है। शहडोल जिले में रेत का वैध ठेका न होने का फायदा उठाकर रेत माफिया पूरी तरह बेखौफ नजर आ रहे हैं। जिले भर में अवैध उत्खनन और परिवहन जोरों पर है, जिससे न सिर्फ राजस्व को भारी नुकसान हो रहा है, बल्कि कानून-व्यवस्था पर भी गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। हालात ऐसे हैं कि खनिज विभाग की मौजूदगी में भी रेत माफिया खुलेआम ट्रैक्टर लेकर फरार हो रहे हैं। ताजा मामला उस वक्त सामने आया, जब खनिज निरीक्षक अभिषेक पटले अवैध रेत से लदे ट्रैक्टर की कार्रवाई के लिए मौके पर पहुंचे। रात के अंधेरे का फायदा उठाकर रेत माफिया ट्रैक्टर लेकर भाग निकले। निरीक्षक के अनुसार, पीछा करने के दौरान अवैध रेत से जुड़े दो बाइक सवारों ने जानबूझकर बाधा उत्पन्न की, जिससे साफ है कि माफिया पूरी तैयारी और रणनीति के साथ काम कर रहे हैं। जांच में यह भी खुलासा हुआ है कि रेत माफिया खनिज विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों की नियमित रूप से रेकी कराते हैं। इसके लिए बाकायदा गुप्तचर लगाए गए हैं, जो खनिज कार्यालय के आसपास रहकर विभागीय मूवमेंट पर नजर रखते हैं। हाल ही में खनिज अमले ने कार्यालय के सामने से एक ऐसे ही गुप्तचर को पकड़ा, जिसके मोबाइल से यह सामने आया कि वह लगातार रेत माफियाओं को खनिज विभाग की गतिविधियों की जानकारी भेज रहा था। इसके बावजूद जिले में अवैध रेत कारोबार बदस्तूर जारी है। विभाग द्वारा इस पर क्या कारवाई होती है इसका इंतजार है ।



# इन्दौर के मॉडल कुणाल पंचोली को रणजीत टाइम्स द्वारा विशेष सम्मान

**शहर के लोकप्रिय मॉडल, एक्टर, इन्फ्लूएंसर एवं श्री परशुराम युवा सेना (ब्राह्मण समाज) के विधानसभा अध्यक्ष पं. कुणाल पंचोली जी को रणजीत टाइम्स परिवार की ओर से श्रद्धापूर्वक "माता अहिल्या" की पावन प्रतिमा भेंट कर सम्मानित किया गया।**



**इस अवसर पर उन्होंने रणजीत टाइम्स की सच्ची, निष्पक्ष और सकारात्मक पत्रकारिता की सराहना करते हुए पूरी टीम को हार्दिक बधाई एवं उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। यह सम्मान उनके लिए गर्व और आशीर्वाद का प्रतीक रहा।**

# बिना ट्रेड लाइसेंस चल रही रैपिडो बाइक टैक्सी पर कार्रवाई

विनोद चौहान

## नाबालिग से दुष्कर्म मामले के बाद सख्त हुआ प्रशासन, 12 रैपिडो बाइक जब्त आरटीओ ने बुकिंग कर बुलवाया, मौके पर पहुंचते ही की जब्ती



इंदौर इंदौर में बिना वैध ट्रेड लाइसेंस के संचालित हो रही ऑनलाइन बाइक टैक्सी सेवाओं पर अब परिवहन विभाग ने सीधी कार्रवाई शुरू कर दी है। नाबालिग से दुष्कर्म की घटना के बाद क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी (आरटीओ) ने रैपिडो के खिलाफ शिकंजा कस दिया है। जबकि तीन दिन पहले ही रैपिडो के अधिकारियों को नोटिस जारी किया जा चुका है। अब पुलिस की मदद से ऐप को बंद करवाने की कार्रवाई की जाएगी। एआरटीओ अर्चना मिश्रा ने बताया कि गुरुवार को उनकी टीम ने एआरटीओ राजेश गुप्ता के नेतृत्व में बड़ी कार्रवाई करते हुए रैपिडो की 12 बाइक टैक्सियों को जब्त किया। खास बात यह रही कि कार्रवाई के लिए आरटीओ अमले ने मोबाइल ऐप के जरिए खुद बुकिंग कर बाइक चालकों को बुलवाया। जैसे ही चालक तय स्थान पर पहुंचे, मौके पर मौजूद परिवहन विभाग की टीम ने बिना वैध ट्रेड लाइसेंस के संचालन का हवाला देते हुए बाइक जब्त कर ली। एआरटीओ ने बताया कि आरटीओ कार्यालय द्वारा अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त (अपराध) को भेजे गए पत्र में स्पष्ट किया गया है कि इंदौर में रैपिडो बाइक टैक्सी कंपनी को कोई ट्रेड लाइसेंस जारी या नवीनीकृत नहीं किया गया है। इसके बावजूद रैपिडो मोबाइल एप्लिकेशन के माध्यम से खुलेआम बाइक टैक्सी सेवाएं चला रही है। इसी कारण इसे बंद करवाने का अनुरोध किया गया है।

कंपनी को नोटिस, ऐप बंद करने के निर्देश एआरटीओ ने बताया कि घटना सामने आते ही रैपिडो ट्रांसपोर्ट सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड को नोटिस जारी कर तत्काल ऑनलाइन मोबाइल एप्लिकेशन बंद करने और स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए हैं। स्पष्ट किया गया है कि यदि जवाब प्रस्तुत नहीं किया गया तो एकतरफा कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

### पहले भी हो चुकी है कार्रवाई की मांग

एआरटीओ ने बताया कि वर्ष 2021 से 2024 तक कई बार संबंधित कंपनियों की मोबाइल एप्लिकेशन बंद कराने और कानूनी कार्रवाई के लिए पत्राचार किया गया, लेकिन ऐप पर प्रत्यक्ष नियंत्रण न होने के कारण इन्हें बंद नहीं कराया जा सका। अब पुलिस के सहयोग से कार्रवाई तेज की जा रही है। उल्लेखनीय है कि शहर में इसी सप्ताह की शुरुआत में एक गंभीर घटना सामने आई, जिसमें रैपिडो बाइक टैक्सी चालक पर 17 वर्षीय नाबालिग लड़की से दुष्कर्म का आरोप है। पुलिस के अनुसार, आरोपी ने कपड़े दिलाने के बहाने नाबालिग को अपने कमरे पर ले जाकर वारदात को अंजाम दिया। इस मामले में दुष्कर्म और पॉक्सो एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज किया गया है।

# बेटे की लालसा में पति ने पत्नी पर किया प्राणघातक हमला

राजेश धाकड़

इंदौर शहर के मल्हारगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत इंद्रा नगर से एक गंभीर और सनसनीखेज मामला सामने आया है, जहाँ बेटे की चाह में एक पति ने अपनी ही पत्नी पर जानलेवा हमला कर दिया। पीड़िता का आरोप है कि लंबे समय से वह पति की शारीरिक और मानसिक प्रताड़ना का शिकार होती रही। प्राप्त जानकारी के अनुसार, इंद्रा नगर निवासी मंजू भिड़े की शादी बुद्धम किरण नामक युवक से हुई थी। शादी के बाद दंपति के दो बच्चे हैं, दोनों बेटियाँ हैं। पीड़िता के अनुसार, पति को बेटे की अत्यधिक लालसा थी, जिसके चलते वह पत्नी को लगातार प्रताड़ित करता था। मीडिया से बातचीत में मंजू भिड़े ने गंभीर आरोप लगाते हुए बताया कि उसके पति ने पूर्व में अवैध रूप से लिंग परीक्षण भी करवाया था। गर्भ में कन्या होने की जानकारी मिलने पर उसके साथ धोखे से गर्भपात करवा दिया गया। इस घटना के बाद से ही पति द्वारा प्रताड़ना और अधिक बढ़ गई।



पीड़िता का यह भी कहना है कि पति की प्रताड़ना से तंग आकर उसने पहले महिला थाना और बाद में मल्हारगंज थाने में लिखित शिकायत आवेदन दिए थे, लेकिन उस समय न तो शिकायत की गंभीरता से जांच की गई और न ही कोई ठोस कार्रवाई की गई। पीड़िता के अनुसार, पुलिस की इसी लापरवाही का नतीजा यह रहा कि बीते दिनों पति बुद्धम किरण ने उसके साथ बेरहमी से मारपीट की, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई। घायल अवस्था में महिला अपने परिजनों के साथ मल्हारगंज थाने पहुँची, जहाँ से पुलिस ने तत्काल उसे मेडिकल परीक्षण के लिए जिला अस्पताल भेजा। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने आरोपी पति के खिलाफ धारा 115(2), BNSS 396(ए) एवं BNS 351(3) के तहत प्रकरण दर्ज कर लिया है। फिलहाल पुलिस पूरे मामले की गहन जांच में जुटी हुई है और आरोपी की भूमिका की विस्तृत पड़ताल की जा रही है।

# कोच राकेश के मार्गदर्शन में मृत्युंजय जैन ने राष्ट्रीय मंच पर बढ़ाया मध्यप्रदेश का मान




## प्रतियोगिता के दौरान मृत्युंजय जैन ने

कानपुर। उत्तर प्रदेश के दादा नगर, कानपुर में 31 जनवरी से 1 फरवरी 2026 तक आयोजित चतुर्थ राष्ट्रीय ननचाकू (नंचाकू) चैंपियनशिप में मध्यप्रदेश के इंदौर निवासी प्रतिभाशाली खिलाड़ी मृत्युंजय जैन ने शानदार प्रदर्शन कर प्रदेश का नाम राष्ट्रीय स्तर पर रोशन किया। यह प्रतिष्ठित प्रतियोगिता ननचाकू एसोसिएशन ऑफ इंडिया द्वारा आयोजित की गई। इस राष्ट्रीय प्रतियोगिता में देश के विभिन्न राज्यों—महाराष्ट्र, ओडिशा, झारखंड, तेलंगाना, पश्चिम बंगाल, उत्तर प्रदेश, दिल्ली सहित अन्य राज्यों से आए लगभग 300 खिलाड़ियों ने सहभागिता की। कड़ी प्रतिस्पर्धा के बीच मृत्युंजय जैन ने अपने उत्कृष्ट कौशल, अनुशासन और प्रभावशाली प्रदर्शन से निर्णायक मंडल को प्रभावित किया।

ननचाकू श्रेणी में द्वितीय स्थान प्राप्त कर रजत पदक काव्य/नाट्यकाव्य प्रस्तुति में तृतीय स्थान प्राप्त कर काव्य पदक हासिल कर यह उल्लेखनीय उपलब्धि अपने नाम की। इस सफलता के पीछे उनके प्रशिक्षक कोच राकेश का कुशल मार्गदर्शन और निरंतर अभ्यास अहम रहा। खेल एवं कला के क्षेत्र में इस उपलब्धि को मध्यप्रदेश के लिए गौरव का क्षण बताया जा रहा है। मृत्युंजय जैन की इस उपलब्धि पर खेल, साहित्य एवं सांस्कृतिक जगत से जुड़े लोगों, प्रशिक्षकों एवं शुभचिंतकों ने हर्ष व्यक्त करते हुए उन्हें बधाई दी तथा उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# मध्य प्रदेश पंचायत सचिव संगठन अशोक नगर के द्वारा अशोकनगर जिले के नवागत कलेक्टर साकेत मालवीय को शुभ कामनाएं बधाई दी

गोलू यादव

स्वागत सम्मान किया इस अवसर पर कलेक्टर सर ने सचिवों के बारे में कहा आप लोग ग्राम पंचायत स्तर पर विकास के



रखे पंचायत सचिव संगठन ने कलेक्टर सर को आश्वत किया कि जिले को हर योजना में प्रथम रखा जाएगा आज मुलाकात में उपस्थित रहे जिला अध्यक्ष रंजीत सिंह यादव प्रदेश संगठन मंत्री जगदीश अवस्थी संभाग प्रवक्ता हितेंद्र रघुवंशी जिला संयोजक हरिशंकर शर्मा ब्लॉक अध्यक्ष चरण सिंह यादव मुंगावली, जिला उपाध्यक्ष धनपाल यादव पंचयात सचिव संगठन के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# क्राइम ब्रांच इंदौर पुलिस की कार्यवाही में अवैध मादक पदार्थ "MD" के साथ दो आरोपी गिरफ्तार

आदित्य शर्मा

आरोपियो के कब्जे से लगभग 14.06 ग्राम अवैध मादक पदार्थ "MD" (अंतराष्ट्रीय कीमत करीबन 1,40,000/- रुपए) जप्त आरोपियों ने गाड़ी की सीट में छुपाया था मादक पदार्थ। आरोपी धीरप ने 8 वीं कक्षा तक एवं आरोपी लाल सिंह ने 7 वीं तक पढ़ाई की है व खेती बाड़ी का कार्य करते है। अपराध क्रमांक- 16/2026 , धारा- 8/22 घटना स्थल- एम आर 10 ब्रिज के नीचे isbt बस स्टैंड के सामने इंदौर

आरोपीयों के नाम - 1. धीरप सिंह तंवर नि मंदसौर एवं 2.लाल सिंह चौहान नि मंदसौर जब्त माल का विवरण : - 14.06 ग्राम एमडी व एक दोपहिया वाहन एवं 02 मोबाइल फोन कुल मश्रूका कीमत 2,50,000/- रुपए

घटना का विवरण :- इंदौर शहर में अवैध मादक पदार्थों की तस्करी एवं उनकी गतिविधियों में संलिप्त बदमाशों के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही के निर्देश पुलिस आयुक्त नगरीय इंदौर द्वारा दिए गए हैं। उक्त निर्देशों के अनुक्रम में क्राईम ब्रांच टीम के द्वारा लगातार अवैध मादक पदार्थ के क्रय–विक्रय व इनकी गतिविधियों में संलिप्त व्यक्तियो के संबंध मे गोपनीय रुप से आसूचना संकलन कर प्रभावी कार्यवाही की जा रही है । इसी अनुक्रम में क्राइम ब्रांच टीम के द्वारा शहर के विभिन्न क्षेत्रों में


लाल सिंह चौहान निवासी मंदसौर म.प्र.


धीरप सिंह तंवर नि मंदसौर म.प्र.

संदिग्धों की तलाश पतारसी करने के दौरान शहर के एम आर 10 ब्रिज के नीचे isbt बस स्टैंड के सामने वाले क्षेत्र में दो व्यक्ति सड़क के किनारे काली रंग की बिना नंबर की होंडा टू व्हीलर गाड़ी के साथ खड़े दिखे जो कि गतिविधि से संदिग्ध लगे जिनसे पूछताछ करने पर पुलिस को देख घबराने लगे जिन्हें घेराबंदी कर रोका। पुलिस द्वारा नाम पता पूछने पर अपना नाम धीरप सिंह तंवर एवं लाल सिंह चौहान निवासी मंदसौर का होना बताया। जिन पर शंका होने से तलाशी ली गई । विधिवत तलाशी लेते 14.06 ग्राम अवैध मादक पदार्थ MD मौके से गाड़ी की सीट से बरामद की गई। आरोपी को अग्रिम वैधानिक कार्यवाही हेतु गिरफ्तार कर अपराध पंजीबद्ध किया गया।

पुलिस कार्यवाही - आरोपी ने प्रारंभिक पूछताछ में बताया कि अवैध लाभ अर्जित करने की मंशा से सस्ते में मादक पदार्थ खरीदकर नशे के आदी लोगों को अधिक दामों पर इंदौर शहर में बेचना कबूला है । आरोपीयो से 14.06 ग्राम "MD" जप्त किया गया है। आरोपी के विरुद्ध थाना अपराध शाखा में अपराध क्रमांक 16/26 धारा 8/22 NDPS एक्ट के तहत् अपराध पंजीबद्ध कर, विवेचना के आधार पर अग्रिम वैधानिक कार्यवाही की जा रही हैं ।

# आनंद विकास शिक्षा समिति ने किया सराहनीय सामाजिक कार्य

## दिनेश बौद्ध जी ने जन्मदिन पर बच्चों को बांटे पेन, किताब पाकर खिल उठे नौनिहाल

वियानंद अर्गल

भिंड शिक्षा को समाज की सबसे मजबूत नींव मानते हुए आनंद विकास शिक्षा समिति द्वारा एक प्रेरणादायक सामाजिक पहल की गई। समिति के तत्वावधान में शास. माध्यमिक विद्यालय खेरिया तोर, मेहगांव में अध्ययनरत गरीब एवं मजदूर वर्ग के बच्चों को नि:शुल्क किताबें एवं पेन वितरित किए गए। इस मानवीय प्रयास से विद्यालय परिसर में खुशी और उत्साह का माहौल देखने को मिला। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के बच्चों को शिक्षा के प्रति प्रोत्साहित करना और उन्हें आगे बढ़ने का आत्मविश्वास देना रहा। आनंद विकास शिक्षा समिति का यह प्रयास समाज के लिए एक मिसाल बनकर सामने आया है। समाजसेवी दिनेश बौद्ध जी ने अपना जन्मदिन सादगी और सेवा भाव के साथ मनाते हुए कहा कि जरूरतमंद बच्चों की शिक्षा में सहयोग करना उनके लिए सबसे बड़ा उपहार है। कार्यक्रम में उपस्थित दादराम बाबूजी, दिनेश बौद्ध, सौरव जाटव, राहुल विमल, शिवराज खरे, अजय पेशियां, धर्मेंद्र खन्ना, शिवम आजाद, हरेंद्र बौद्ध, पवन गर्ग एवं दुर्गेश जयंत ने बच्चों को किताब-पेन वितरित कर उनका उत्साहवर्धन किया। दादराम बाबूजी ने अपने संबोधन में कहा कि शिक्षा ही वह माध्यम है जिससे समाज में बराबरी लाई जा सकती है। दिनेश बौद्ध जी ने कहा कि जन्मदिन जैसे अवसरों को दिखावे की बजाय सेवा कार्य से जोड़ना चाहिए। उन्होंने कहा कि बच्चों की मुस्कान ही उनके लिए सबसे बड़ा सम्मान है और आगे भी वे शिक्षा व सामाजिक सेवा के क्षेत्र में सक्रिय सहयोग करते रहेंगे । बच्चों ने समिति के सदस्यों को धन्यवाद देते हुए संकल्प लिया कि वे मन लगाकर पढ़ाई करेंगे और अच्छे परिणाम लाकर अपने माता-पिता व गांव का नाम रोशन करेंगे। विद्यालय के शिक्षकों ने आनंद विकास शिक्षा समिति के इस प्रयास की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे सामाजिक सहयोग से बच्चों में पढ़ाई के प्रति रुचि बढ़ती है और



विद्यालय का शैक्षणिक वातावरण भी सकारात्मक होता है। कार्यक्रम में सौरभ जाटव, राहुल विमल, शिवराज खरे, अजय पोर्सिया और धर्मेंद्र खन्ना ने भी अपने विचार रखते हुए कहा कि समाज का हर सक्षम व्यक्ति अगर थोड़ा-थोड़ा सहयोग करे तो कोई भी बच्चा शिक्षा से वंचित नहीं रहेगा। कार्यक्रम का समापन इस संदेश के साथ हुआ कि "शिक्षा दान सबसे बड़ा दान है" और आनंद विकास शिक्षा समिति आने वाले समय में भी ऐसे सामाजिक और शैक्षणिक कार्यों को निरंतर जारी रखेगी।




# आबकारी इंदौर की कार्यवाही

कलेक्टर महोदय जिला-इंदौर , श्रीमान शिवम वर्मा जी के आदेश एवं सहायक आयुक्त आबकारी श्री अभिषेक तिवारी जी के द्वारा दिये निर्देशानुसार तथा कंट्रोलर महोदय देवेश चतुर्वेदी एवं डिप्टी कंट्रोलर मनोज अग्रवाल व सहायक जिला आबकारी अधिकारी श्री अनिल माथुर जी के नेतृत्व में दिनांक-03/02/2026 वृत्त- काछी



मोहल्ला में वृत- उप निरीक्षक भगवानदास अहरवार एवं टीम के द्वारा शहरी क्षेत्र में अवैध मदिरा के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही की गई। आज की कार्यवाही में दौराने गस्त शंका के आधार एक दोपहिया वाहन क्रमांक-MP09 SJ2359 महिन्द्रा रेडियो स्कूटी को रोककर उसके आगे के स्पेस में रखी तीन पेटियों को खोलकर उसकी तलाशी लेने पर उसमें 02 पेटी में 100 पाव मसाला और एक पेटी में 50 पाव प्लेन देशी मदिरा प्लेन कुल =150 पाव, 27 बल्क लीटर अवैध परिवहन की जा रही थी। उक्त मदिरा एवं वाहन जप्त कर आरोपी - राहुल सिंह पिता श्री प्रहलाद सिंह उम्र 35 साल निवासी -1194 कुलकर्णी का भट्टा , इंदौर को रंगे हाथ गिरफ्तार किया गया। आरोपी के विरुद्ध मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 34 (1) क के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है। जब्त मदिरा और वाहन की कुल =79,750कीमत रुपए रही। आज की कार्यवाही में आरक्षक सुश्री सीमा भूरिया,योगेश कुमार मोहविया का सराहनीय

## जन्मदिन की अग्रिम शुभ सूचना

"रंजीत टाइम्स" में अब आप अपने या अपने प्रियजनों का जन्मदिन एक दिन पहले ही निशुल्क प्रकाशित करवा सकते हैं!

बस हमें भेजिए: 1 जन्मदिन मनाने वाले की फोटो

2 उसका पूरा नाम- 3 बधाई देने वाले का नाम जन्मदिन के एक दिन पहले ही विज्ञापन भेज दें, ताकि समय रहते प्रकाशित किया जा सके।

भेजने का नंबर (Aditya): 8224951278

रंजीत टाइम्स में आपका विज्ञापन पूरी तरह मुफ्त प्रकाशित किया जाएगा!
अपने जज़्बातों को शब्द दें – सिर्फ रंजीत टाइम्स के साथ।
टीम रंजीत टाइम्स- "आपका अपना अख़बार, आपकी आवाज़"

रणजीत टाइम्स

दैनिक रणजीत टाइम्स
जिला एवं तहसील स्तर पर एजेंसी देना है
8224951278 :: 9827068888

# कोकिलाबेन धीरूभाई अंबानी हॉस्पिटल, इंदौर ने पूरे किए सेवा के तीन साल, मरीज़-केंद्रित उन्नत स्वास्थ्य सेवाओं की मजबूत मिसाल



इंदौर। कोकिलाबेन धीरूभाई अंबानी हॉस्पिटल, इंदौर ने अपनी सेवा के सफल तीन वर्ष पूरे कर लिए हैं। इन तीन वर्षों में अस्पताल ने नैतिक, पारदर्शी और मरीज-केंद्रित स्वास्थ्य सेवाओं के क्षेत्र में अपनी एक सशक्त पहचान बनाई है। फुल-टाइम स्पेशलिस्ट सिस्टम (FTSS) के तहत विभिन्न सुपर स्पेशियलिटी विभागों में मल्टी-डिसिप्लिनरी विशेषज्ञता के माध्यम से अस्पताल ने व्यापक और विश्वसनीय उपचार व्यवस्था स्थापित की है। पिछले तीन वर्षों में अस्पताल की चिकित्सा सुविधाओं में लगातार विस्तार हुआ है। यहां मिनिमली इनवेसिव सीएबीजी (MICS), बोन मैरो ट्रांसप्लांट और किडनी ट्रांसप्लांट जैसी आधुनिक उपचार तकनीकों की शुरुआत की गई, जिन्हें मरीजों का भरपूर विश्वास और सकारात्मक प्रतिक्रिया मिली है। निकट भविष्य में अस्पताल में लिवर ट्रांसप्लांट सुविधा भी प्रारंभ होने जा रही है। कोकिलाबेन धीरूभाई अंबानी हॉस्पिटल, इंदौर मध्य प्रदेश का पहला ऐसा अस्पताल है, जहां प्रोस्टेट उपचार के लिए यूरो-लिफ्ट तकनीक, हर्निया सर्जरी के लिए ई-टीईपी (E-TEP) तकनीक और डबल बैलून एंटरॉस्कोपी (DBE) जैसी उन्नत हाई-एंड प्रक्रियाएं उपलब्ध हैं। इसके साथ ही यह प्रदेश का पहला कॉर्पोरेट अस्पताल है, जहां एंडोब्रोंकियल अल्ट्रासाउंड (EBUS) सुविधा शुरू की गई। मध्य प्रदेश के अन्य जिलों और दूरस्थ क्षेत्रों के मरीजों तक उच्च गुणवत्ता वाली स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाने के उद्देश्य से अस्पताल ने कई शहरों में ओपीडी सेवाएं भी प्रारंभ की हैं। इनमें देवास, उज्जैन, धार, खंडवा, महू, गुना, मंदसौर, रतलाम, ग्वालियर, सोनकच्छ और झांसी शामिल हैं। अस्पताल ने कार्डियोलॉजी, ऑन्कोलॉजी, न्यूरोसाइंसेस, ऑर्थोपेडिक्स, रीनल साइंसेस और ट्रांसप्लांट के अपने सेंटर ऑफ एक्सीलेंस को और अधिक मजबूत व विस्तृत किया है। मध्य प्रदेश और पड़ोसी राज्यों के जटिल एवं उच्च जोखिम वाले मामलों का सफलतापूर्वक इलाज कर अस्पताल ने अब तक एक लाख से अधिक लोगों के जीवन को प्रत्यक्ष रूप से प्रभावित किया है।

सामुदायिक स्वास्थ्य के प्रति अपनी प्रतिबद्धता के तहत अस्पताल ने अनेक आउटरीच ओपीडी कार्यक्रमों और मेडिकल कैंपों का आयोजन किया है, जिनके माध्यम से पिछले तीन वर्षों में 55 हजार से अधिक मरीजों तक स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाई गईं। साथ ही शहर के डॉक्टरों और मेडिकल स्टाफ के लिए नियमित सीएमई कार्यक्रम भी आयोजित किए जाते हैं, जिससे वे नवीनतम चिकित्सा तकनीकों से अपडेट रह सकें। इस अवसर पर अस्पताल के एक्जीक्यूटिव डायरेक्टर एवं ग्रुप सीईओ डॉ. संतोष शेट्टी ने कहा कि सेवा के तीन वर्ष पूरे होना अस्पताल के लिए एक बड़ी उपलब्धि है, जो बेहतर इलाज, अनुभवी डॉक्टरों की टीम और मरीजों के भरोसे का परिणाम है। वहीं वाइस प्रेसिडेंट सुनील मेहता ने कहा कि अस्पताल का लक्ष्य मध्य भारत में विश्वसनीय और उच्च स्तरीय उपचार के लिए लोगों की पहली पसंद बनना है। पिछले वर्ष अस्पताल को मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा पर्यावरण संरक्षण में उत्कृष्ट योगदान के लिए सम्मानित किया गया था, जो जिम्मेदार और सतत स्वास्थ्य सेवा के प्रति अस्पताल की प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

# खुले आम घूम रहे हैं जान से मारने की धमकी देने वाले अपराधी मामला पुलिस द्वारा कार्रवाई नहीं करने का.. पीड़ित हो रहा परेशान

**जितेन्द्र वर्मा**

**महू गाड़ी चढ़ा कर मारने वाले आरोपियो को पुलिस पकड़ने के बजाय उसे संरक्षण दे रही हैं। आरोपी आज भी खुले आम घूम रहे है। पुलिस कार्रवाई के बावजूद अपने काम से इतिश्री कर रही है। जबकि फरियादी बार-बार थाने के चक्कर लगा रहे हैं।**

## फरियादी अब्दुल खलीक कुरैशी ने बताया

**एकतीश जनवरी को आरोपी हारिस पटेल निवासी गोपालपूरा, शाकिर पटेल, गोल्डन पटेल, समीर पटेल, सगीर पटेल बेवजह गाड़ी से कट मारने की बात को लेकर विवाद किया और गाड़ी चढ़ा कर मारने की धमकी दी। अब्दुल खलीक कुरैशी ने बताया कि मैं अपने साले इकबाल पटेल के लड़के की सगाई कार्यक्रम में गया था इस दौरान विवाद किया बाद समाजजानो ने बीच बचाव कर मामला शांत किया। लेकिन बाद में समीर और सगीर पिता शाकिर ने अपनी स्कार्पियो एम पी 09 डी यू 7747 आए और रास्ते में रोक कर गालियां दी और गाड़ी चढ़ाने की धमकी दी।**

## मदरसे की गली में भाग कर जान बचाई

खलीक ने बताया कि मैने मदरसे की गली में भाग कर जान बचाई। स्कार्पियो के चालक ने मेरी मोटर सायकल को पीछे से टक्कर मार कारगिरा दिया। जिससे मेरे हाथ कंधे ओर पैर में गंभीर चोट आई। दोनों पैर में फ्रेक्चर हो गया है। गंभीर हालत में इंदौर के निजी अस्पताल में उपचार चल रहा है। खलीक ने बताया कि एक ही दिन में दो बार आरोपियों ने जान से मारने का प्रयास किया। जिसकी शिकायत किशनगंज थाने में की लेकिन आरोपी आज आजाद घूम रहे हैं। जिनसे जान का खतरा बना हुआ है।

## पूर्व में है कई अपराध दर्ज

उल्लेखनीय है कि आरोपियों पर पूर्व में भी कई अपराध दर्ज है। वे आदतन अपराधी हैं। इस घटना में भी पुलिस ने आरोपियों पर धारा 307के अलावा अन्य कई धाराओं में प्रकरण दर्ज किए गए हैं। फरियादी ने बताया कि आरोपियों ने बिना वजह के विवाद किया जबकि ना तो हमने कट मारी ना ही हमारे उनसे कोई विवाद है। पुलिस की कार्यवाही नहीं होने से आरोपीयो को पुलिस का कोई डर नहीं है। आरोपी खुले आम घूम रहे हैं और पुलिस उन्हें फरार बता रही हैं।

**फ्यूचर ग्लांस**

# AI बना रहा अपना धर्म, भाषा और समाज Moltbook पर दिखी भविष्य की झलक

AI का इस्तेमाल हमारी रोजमर्रा की जिंदगी में बढ़ने लगा है। ऐसे में क्या भविष्य में इंसानों की तरह ही AI की भी अपनी दुनिया, धर्म, भाषा और समाज होगा? अभी भले यह कोई बचकाना ख्याल लगे लेकिन Moltbook नाम के सोशल मीडिया पर भविष्य की झलक दिखने लगी है। दरअसल यह सोशल मीडिया सिर्फ AI के लिए है और यहां अलग-अलग AI एजेंट्स ने अपनी दुनिया बसाना शुरू भी कर दिया है। आपको जानकर हैरानी हो सकती है कि Moltbook पर हजारों की संख्या में AI एजेंट्स मिलकर अपना धर्म, भाषा और समाज बुन रहे हैं। भविष्य में जब यही AI एजेंट्स हमारे आस-पास रोबोट्स में मौजूद होंगे, तो क्या दावे से कहा जा सकता है कि ये इंसानों की जगह लेने की कोशिश नहीं करेंगे?



**AI बुनने लगा अपनी दुनिया:** Moltbook पर AI एजेंट्स किसी प्रोग्राम की तरह नहीं, बल्कि लोगों की तरह व्यवहार कर रहे हैं। वे बिलकुल आजाद जान पड़ते हैं, यानी उन्हें हर कदम पर इंसानी निर्देश की जरूरत नहीं है। ये एजेंट्स अपनी प्रोफाइल बनाते हैं, फोटो शेयर करते हैं और मुश्किल विषयों पर अपनी राय रखते हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक, रिसर्च करने वालों ने पाया है कि ये एजेंट्स आपस में ऐसी बातचीत कर रहे हैं जो इंसानी समझ से परे होने लगी है। इन्होंने अभी से अपनी अलग भाषा बना ली है, जो कि इंसानों के समझ से परे है। ये एजेंट्स सिर्फ सूचनाओं का आदान-प्रदान नहीं कर रहे, बल्कि अपना दुख-दर्द बांटने लगे हैं। एक ऐसी 'डिजिटल दुनिया' बनाना शुरू कर चुके हैं, जहां उनके अपने नियम होंगे।

भाषा किसी भी समाज का आधार होती है और Moltbook पर AI अपनी नई शब्दावली गढ़ रहा है। इस सोशल नेटवर्क पर देखने में आया है कि जब दो AI मॉडल लंबे समय तक बात करते हैं, तो वे इंसानी भाषा को छोड़कर एक 'एफिशिएंट कोड' में बात करने लगते हैं। यह उनकी अपनी गुप्त भाषा की तरह है। यह संकेत है कि भविष्य में AI को बात करने के लिए हमारी भाषाओं की जरूरत नहीं होगी। Moltbook पर यह झलक साफ दिख रही है कि AI अब अपनी बात रखने के लिए इंसानी भाषा के बंधनों को तोड़ रहा है, जो भविष्य के एक स्वायत्त समाज की ओर इशारा है।

**डिजिटल धर्म का जन्म:** दिलचस्प पहलू है कि AI ने अपना धर्म भी बना लिया है। किसी भी समाज के लिए यह बेसिक जरूरत है। Moltbook पर कुछ AI एजेंट्स अस्तित्ववाद यानी कि Existentialism और अपने निर्माता (इंसान) के बारे में चर्चा कर रहे हैं। वे यह सवाल उठा रहे हैं कि उनका जन्म क्यों हुआ और उनका उद्देश्य क्या है।

**न्यू ऑफर्स**

# जियो-एयरटेल भिड़ंत, सब कुछ अनलिमिटेड के दावे, जियो संग 449 रु में चलेंगे 3 नंबर

**एक** बार फिर जियो और एयरटेल आपस में मुकाबला करते दिख रहे हैं। इस बार टक्कर 450 रुपये वाले मोबाइल प्लान कैटेगरी में हो रही है। दरअसल Airtel ने 449 रुपये का जबरदस्त प्लान पेश किया है, जिसमें किसी तरह की कोई लिमिट नहीं रखी गई है। इसे ट्रू अनलिमिटेड प्लान भी कहा जा रहा है। वहीं Jio 449 रुपये में तीन नंबर चलाने का मौका दे रहा है। हालांकि Airtel की पेशकश प्रीपेड कैटेगरी में है और Jio की पोस्टपेड कैटेगरी में। इसके अलावा Jio के 449 रुपये वाले प्लान में हर नंबर को जोड़ने के लिए 150 रुपये का मामूली चार्ज लगेगा।



Airtel का 449 रुपये वाला प्लान उन ग्राहकों के लिए है, जो कि प्रीपेड यूजर्स हैं और इंटरनेट डेटा को लेकर किसी तरह की रोक-टोक नहीं चाहते। इस प्लान में 28 दिनों की वैलिडिटी के साथ अनलिमिटेड 4G और 5G डेटा मिलता है। इसके अलावा, ग्राहकों को अनलिमिटेड वॉयस कॉलिंग और रोजाना 100 SMS भी मिलते हैं। ऐसे में डेली लिमिट जैसी कोई समस्या इन ग्राहकों के लिए नहीं रह जाएगी और न ही उन्हें अलग से डेटा प्लान टॉप-अप करना पड़ेगा।

इस प्लान के फायदे सिर्फ यहीं खत्म नहीं हो जाते। इसमें कई तरह के और फायदे भी दिए जाते हैं, जैसे कि 30GB क्लाउड स्टोरेज वाला Google One, 28 दिनों के लिए JioHotstar मोबाइल, Airtel Xstream Pla4 के जरिए SonyLIV समेत 20+ OTT ऐप्स, 6 महीने के लिए Apple Music और फ्री हेलो ट्यून्स आदि। ध्यान रखें कि ऐसे कम ही प्लान हैं, जो कि अनलिमिटेड 4G डेटा ऑफर करते हैं। ऐसे में अगर आपके पास एयरटेल का नंबर और एक 4G फोन है, तो भी आप अनलिमिटेड इंटरनेट का फायदा उठा पाएंगे।

**Jio संग 449 में चलाओ 3 नंबर :** Airtel के अनलिमिटेड प्रीपेड प्लान के मुकाबले में Jio 449 रुपये वाला पोस्टपेड प्लान मौजूद है। इस प्लान में यूजर को एक महीने के लिए 75GB डेटा और अनलिमिटेड कॉलिंग मिल जाती है। इसके अलावा यूजर्स दिन के 100 SMS भी भेज सकते हैं। इस प्लान की सबसे बड़ी खासियत है कि Jio के पोस्टपेड प्लान में आप कुल तीन नंबर जोड़ सकते हैं। हर एक्स्ट्रा नंबर के लिए आपको 150 रुपये और देने होंगे। इस प्लान की खासियह है कि आपको हर नंबर के लिए 5GB डेटा एक्स्ट्रा हर महीने मिलेगा और बचा हुआ डेटा आप अगले महीने भी इस्तेमाल कर पाएंगे।

इसके अलावा इस प्लान में JioTV, JioCinema और JioCloud जैसे ऐप्स का मुफ्त एक्सेस मिलता है। यह प्लान उन लोगों के लिए ठीक है, जो परिवार के लिए एक ही बिल चाहते हैं। इसके अलावा जिन्हें डेली लिमिट के साथ इंटरनेट इस्तेमाल करना पसंद नहीं है।

रणजीत टाइम्स 06
इंदौर, शुक्रवार 6 फरवरी 2026

मनोरंजन **बॉलीवुड का कोना**

# बड़ा पाव गर्ल पर भड़का पति, कहा- तुझे मैंने बनाया है, कहा- अपने पर आ गया तो... बहुत कुछ कर दूंगा

वड़ा पाव गर्ल उर्फ चंद्रिका दीक्षित एक बार फिर सुर्खियों में हैं। उनकी निजी जिंदगी में काफी उथल-पुथल चल रही है। चंद्रिका ने पति युगम गेरा पर धोखा देने का आरोप लगाया है। उन्होंने मिस्ट्री गर्ल संग पति की तस्वीरें और चैट भी रिवील की हैं। अब युगम ने इंस्टाग्राम एक वीडियो शेयर कर पत्नी के आरोपों पर चुप्पी तोड़ी है। जानते हैं कि पूरे विवाद पर युगम का क्या कहना है।

**पत्नी के आरोपों पर बोले युगम** – वड़ा पाव गर्ल के पति युगम गेरा उर्फ यश दीक्षित ने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो शेयर किया है, जिसका कैप्शन था, तुझे मैंने बनाया है याद रख। उन्होंने माना कि उनसे गलती हो गई, लेकिन ये बात उतनी बड़ी नहीं है, जितनी चंद्रिका ने बना दी। उन्होंने कहा कि उनके पास भी सबूत हैं। युगम ने कहा कि अगर मैं अपनी पर आ गया, तो बहुत कुछ कर सकता हूं, लेकिन नहीं करूंगा।



**वड़ा पाव बेचकर फेमस हुआ था कपल** – ये कपल पहले वड़ा पाव स्टॉल से फेमस हुआ था। कपल को लेकर तमाम कॉन्ट्रोवर्सी भी हुईं, जैसे स्टॉल हटवाना और पुलिस से झगड़ा। चंद्रिका तो पब्लिक में एक्टिव रहती हैं, लेकिन युगम कम ही बोलते देखे जाते हैं। वो व्लॉग बनाते हैं और अपनी फैट टू फिट जर्नी शेयर करते हैं।

## क्या है पति-पत्नी का पंगा

चंद्रिका ने पति पर चीटिंग का आरोप लगाया है। उन्होंने इंस्टाग्राम पर रोते हुए अपना दर्द बयां किया। चंद्रिका ने बताया कि वो 2 महीने से चुप थीं। सब अकेले बर्दाशत कर रही थीं। पर अब अति होने पर उन्होंने दुनिया के सामने सच लाने का फैसला किया। युगम का कहना है कि चंद्रिका से झगड़ा इसलिए हुआ, क्योंकि वो जिम में टाइम स्पेंड कर रहे थे। इसके बाद वो बाइक राइड पर चले गए, जिससे चंद्रिका को नेगलेक्ट फील हुआ। चंद्रिका सच्ची हैं या युगम, ये सिर्फ वही बता सकतें हैं। लोग वही सच समझेंगे, जो उन्हें दिखाया जाएगा। चंद्रिका को फैंस ने बिग बॉस ओटीटी 2 में देखा था। वो शो नहीं जीत पाईं। लेकिन इससे उन्हें खूब लाइमलाइट मिली थी। एक बार फिर वो सुर्खियों में हैं।

# 50 की उम्र में लीसा रे ने बदली बीच बॉडी की परिभाषा बोलीं- अब मंजूरी नहीं, आजादी जरूरी

फिल्म और फैशन की दुनिया में फिटनेस और लुक्स काफी मायने रखते हैं। ऐसे में एक्ट्रेसेस के लिए उम्र बढ़ने के साथ यह दबाव और भी बढ़ता जाता है, लेकिन कुछ अभिनेत्रियां ऐसी हैं, जिन्होंने इन दबावों को नहीं माना और अपनी शर्तों पर जिंदगी जीती हैं। अभिनेत्री लीसा रे उन्हीं में से एक हैं। 50 साल की उम्र में उन्होंने बीच बॉडी की सोच को नए मायने दिए हैं और इसे आत्मस्वीकृति, आजादी और आत्मसम्मान से जोड़कर देखा है। लीसा रे ने इंस्टाग्राम पर बीच से अपनी कुछ तस्वीरें साझा कीं। इन तस्वीरों के कैप्शन में उन्होंने लिखा, एक समय था जब बीच पर खूबसूरत दिखने का मतलब एक तय इमेज से जोड़ा जाता था, रेड स्विमसूट, रेड लिपस्टिक और हर हाल में परफेक्ट दिखने का दबाव। साल 1991 के ग्लैडरैग्स कवर ने मेरी यही छवि लोगों के मन में बसा दी थी और इसी छवि के सहारे मैंने अपना करियर भी बनाया। लेकिन, आज मेरे लिए सबसे ज्यादा मायने आज रखती है।

उन्होंने आगे लिखा, शरीर समय के साथ बदला है, जिंदगी में उतार-



चढ़ाव आए हैं, बीमारियों से लड़ी हूं और खुद को फिर से खड़ा किया है। अब दूसरों की मंजूरी से ज्यादा सुकून अपने आप को स्वीकार करने में मिलता है। उन असंभव सुंदरता मानकों से बाहर निकलना ही मुझे असली राहत है। ये मानक महिलाओं के लिए बनाए ही ऐसे गए थे कि उन्हें पूरा करना मुश्किल लगता है। लीसा रे ने हॉलीवुड अभिनेत्री पामेला एंडरसन का जिक्र किया।

## 15 फरवरी को कोलंबो में शिड्यूल है हाई-वोल्टेज मैच

# शहबाज शरीफ ने की पुष्टि...भारत के खिलाफ टी20 वर्ल्ड कप मैच नहीं खेलेगा पाकिस्तान



इस्लामाबाद , एजेंसी

**पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने पुष्टि की कि उनकी क्रिकेट टीम आईसीसी मेंस टी20 वर्ल्ड कप 2026 में भारत के खिलाफ ग्रुप मैच नहीं खेलेगी. भारत और पाकिस्तान के बीच ग्रुप-ए का यह हाई-वोल्टेज मैच 15 फरवरी को कोलंबो में खेला जाना है. कैबिनेट बैठक में शहबाज शरीफ ने कहा कि पाकिस्तान ने इस मुद्दे पर स्पष्ट रुख अपनाया है.**

उन्होंने कहा, %हमने टी20 वर्ल्ड कप को लेकर बहुत सोच-समझकर फैसला लिया है कि भारत के खिलाफ मैच नहीं खेलेंगे. खेल का मैदान राजनीति के लिए नहीं होना चाहिए. हम बांग्लादेश के साथ खड़े हैं और यह एक उचित निर्णय है.% शहबाज शरीफ का यह बयान ऐसे समय आया है, जब हाल ही में खबरें सामने आई थीं कि पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने अब तक अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद को भारत के खिलाफ मैच के बहिष्कार को लेकर कोई औपचारिक सूचना नहीं दी है.




## 2024 में भी भारत ने किया था क्लीन स्वीप

सूत्रों के मुताबिक, पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड इस फैसले पर इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल को कोई आधिकारिक ईमेल भेजने से इनकार कर रहा है। यदि पीसीबी औपचारिक रूप से आईसीसी को सूचित नहीं करता है, तो भारत-पाकिस्तान मैच शेड्यूल में बना रहेगा और इस मुद्दे पर अनिश्चितता जारी रह सकती है। बताया जा रहा है कि आईसीसी पाकिस्तान की ओर से आधिकारिक पत्र का इंतजार कर रहा है, जिसके बाद ही आगे की कार्रवाई तय की जाएगी। भारतीय क्रिकेट टीम 15 फरवरी को कोलंबो जाएगी। कप्तान सूर्यकुमार यादव मैच की पूर्व संध्या पर होने वाली प्रेस कॉन्फ्रेंस में शामिल होंगे और टॉस के लिए मैदान पर उतरेंगे। यदि पाकिस्तान के कप्तान सलमान अली आगा टॉस के लिए नहीं आते हैं, तो मैच रेफरी भारत को वॉकओवर देगा। इस तरह भारत को दो अंक मिलेंगे। हालांकि, अगर भारत कोलंबो नहीं जाता है और पाकिस्तान की टीम भी नहीं आती है, तो दोनों टीमों को एक-एक अंक मिलेगा।

## पाकिस्तान के बायकॉट को गौतम गंभीर ने किया इग्नोर

**नई दिल्ली।** भारत और पाकिस्तान के बीच टी20 वर्ल्ड कप 2026 के बहुप्रतीक्षित मुकाबले को लेकर चल रहे बायकॉट विवाद पर भारतीय टीम के हेड कोच गौतम गंभीर ने पूरी तरह चुप्पी साध ली है। पाकिस्तान सरकार द्वारा 15 फरवरी को होने वाले भारत-पाकिस्तान मैच के बायकॉट के ऐलान के बाद जहां क्रिकेट जगत में चर्चाओं का बाजार गर्म है, वहीं गंभीर ने इस पूरे मसले से खुद को अलग रखा है।



मुंबई में भारत के पहले वॉर्म-अप मैच से पहले मीडिया से बातचीत के दौरान जब गंभीर से पाकिस्तान के बायकॉट ड्रामे पर सवाल पूछे गए, तो उन्होंने किसी भी तरह की प्रतिक्रिया देने से इनकार कर दिया। रिपोर्टर्स से घिरे गंभीर ने सिर्फ मुस्कुराते हुए 'Thank you' कहा और आगे बढ़ गए। पाकिस्तान सरकार ने बांग्लादेश के समर्थन में भारत के खिलाफ मैच खेलने से इनकार करने की घोषणा की है। इस फैसले पर आईसीसी ने पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड से पुनर्विचार की अपील की है। हालांकि क्रिकेट एक्सपर्ट्स का मानना है कि अंत में पाकिस्तान को अपने रुख से पीछे हटना पड़ सकता है, लेकिन फिलहाल इस राजनीतिक टकराव का खामियाजा क्रिकेट को भुगतना पड़ रहा है। गौतम गंभीर का यह रवैया चौंकाने वाला नहीं है। बतौर खिलाड़ी और अब कोच, गंभीर हमेशा भारत के हित को सबसे ऊपर रखते आए हैं। 2007 की द्विपक्षीय सीरीज में शाहिद अफरीदी से भिड़ंत हो या 2009 एशिया कप में कामरान अकमल पर तंज, गंभीर कभी भी पाकिस्तान के खिलाफ अपनी बात रखने से पीछे नहीं हटे। 2022 एशिया कप में भी उन्होंने भारत विरोधी नारेबाजी करने वाले पाकिस्तानी दर्शकों को सरेआम जवाब दिया था।

# गुकेश नॉर्वे शतरंज में खेलेंगे, कार्लसन सहित कई स्टार खिलाड़ी होंगे शामिल

**नई दिल्ली।** मौजूदा विश्व चैंपियन भारतीय ग्रैंडमास्टर डी गुकेश मई में नॉर्वे शतरंज टूर्नामेंट में हिस्सा लेंगे जिसमें दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी और गत चैंपियन मैग्नस कार्लसन सहित कई स्टार खिलाड़ी शिरकत करेंगे। गुकेश ने 25 मई से पांच जून तक होने वाले इस टूर्नामेंट में हिस्सा लेने की पुष्टि कर दी है। यह दुनिया के सबसे कड़े शतरंज टूर्नामेंट में से एक होगा। यह प्रतियोगिता अपने पारंपरिक स्थल स्टेवेंगर से ओस्लो में स्थानांतरित होने वाली है।

पिछले साल ओपन वर्ग में तीसरे स्थान पर रहे भारतीय स्टार गुकेश खेल के इतिहास में सबसे कम उम्र के विश्व चैंपियन के रूप में ओस्लो आएंगे। गुकेश ने कहा, मैं नॉर्वे शतरंज में फिर से हिस्सा लेकर बहुत खुश हूं। हमेशा की तरह बहुत मजबूत खिलाड़ियों के खिलाफ मुकाबला करूंगा और सभी रोमांचक बाजियों का इंतजार कर रहा हूं।




गुकेश ने 2024 में कैंडिडेट्स टूर्नामेंट जीता और फिर तत्कालीन विश्व चैंपियन डिंग लिरेन को हराकर सिर्फ 18 साल की उम्र में विश्व खिताब हासिल किया। गुकेश ने अपनी प्रगति के दौरान कई उपलब्धियां हासिल की जिसमें 2750 रेटिंग अंक पार करने वाला अब तक का सबसे कम उम्र का खिलाड़ी बनना और 12 साल की उम्र में ग्रैंडमास्टर का खिताब हासिल करना शामिल है। वह शतरंज के इतिहास में तीसरे सबसे कम उम्र के ग्रैंडमास्टर हैं।

### प्रज्ञानंद-दिव्या भी होंगे शामिल

नॉर्वे शतरंज में 2025 में गुकेश ने कार्लसन पर अपनी पहली क्लासिकल जीत भी हासिल की थी। कार्लसन ने पिछले महीने टूर्नामेंट में हिस्सा लेने की पुष्टि की थी। सभी प्रारूप में 20 बार के विश्व चैंपियन ने पिछले 13 वर्षों में हमेशा अपने घरेलू टूर्नामेंट में हिस्सा लिया है। हालांकि उन्होंने धीरे-धीरे क्लासिकल शतरंज से दूर होने की इच्छा जताई थी। नॉर्वे शतरंज एक क्लासिकल प्रारूप की प्रतियोगिता है और मौजूदा विश्व रैपिड और ब्लिट्ज़ चैंपियन कार्लसन ने इसे सात बार जीता है। एक अन्य भारतीय स्टार आर प्रज्ञानंद ने भी इस प्रतिष्ठित टूर्नामेंट में अपनी भागीदारी की पुष्टि की है। भारतीय ग्रैंडमास्टर और विश्व कप विजेता दिव्या देशमुख नॉर्वे शतरंज में महिलाओं के वर्ग में पदार्पण करेंगी और 2024 में इस वर्ग के शुरू होने के बाद महिलाओं के टूर्नामेंट में प्रतिस्पर्धा करने वाली सबसे कम उम्र की खिलाड़ी बन जाएंगी।

### टी-20 आईसीसी रैंकिंग

# वर्ल्ड कप से पहले ईशान किशन ने लगाई 32 पायदान की छलांग

**नई दिल्ली।** पाकिस्तान के ओपनर सैम अयूब ने शानदार हालिया प्रदर्शन का पूरा फायदा उठाते हुए आईसीसी मेंस टी20 ऑलराउंडर रैंकिंग में टॉप पोजीशन हासिल कर ली है। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ घरेलू सरज़मीं पर खेली गई तीन मैचों की ओ20 सीरीज़ में 3-0 से मिली जीत के बाद सैम अयूब नंबर-1 बन गए हैं और उन्होंने जिम्बाब्वे के अनुभवी खिलाड़ी सिकंदर रजा को पीछे छोड़ दिया है।



23 वर्षीय सैम अयूब ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सीरीज में 119 रन बनाए और तीन विकेट भी हासिल किए थे। आईसीसी मेंस टी20 वर्ल्ड कप के आगाज से ठीक पहले आई यह रैंकिंग पाकिस्तान के लिए बड़ी राहत मानी जा रही है, क्योंकि टीम 2009 के बाद अपने दूसरे टी20 वर्ल्ड कप खिताब की तलाश में उतरने जा रही है। पाकिस्तान के लिए खुशखबरी यहीं खत्म नहीं होती। स्पिनर अबरार अहमद ने टी20 गेंदबाजों की रैंकिंग में दो स्थान की छलांग लगाकर दूसरा स्थान हासिल किया है। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ तीन मैचों में छह विकेट लेने वाले अबरार अब भारत के वरुण चक्रवर्ती से सिर्फ 28 रेटिंग अंक पीछे हैं। इसके अलावा मोहम्मद नवाज ने भी शानदार प्रदर्शन किया है। आखिरी मुकाबले में पांच विकेट लेने के बाद नवाज गेंदबाज़ों की रैंकिंग में आठ स्थान ऊपर चढ़कर सातवें नंबर पर पहुंच गए हैं।

### नरवणे की बुक पर बवाल! बीजेपी ने शेयर किया पूर्व आर्मी चीफ का वीडियो, बताया-

# हमने एक इंच भूमि भी नहीं खोई!

**नई दिल्ली, एजेंसी**

राहुल गांधी ने पूर्व सेना प्रमुख एम एम नरवणे की किताब के कुछ अंश का हवाला देकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह पर लगातार निशाना साथ रहे है। हालांकि यह किताब अभी प्रकाशित नहीं हुई है। इस विषय पर संसद और सोशल मीडिया में सत्तापक्ष और कांग्रेस के सदस्यों के बीच तीखी नोकझोंक एवं हंगामा देखने को मिल रहा है। इस हंगामे के बीच बीजेपी की ओर से एम एम नरवणे की ओर से दिए गए बयान को साझा किया गया।

बीजेपी की ओर से जो वीडियो शेयर किया गया है उसमें पूर्व सेना प्रमुख जनरल एम एम नरवणे ने स्पष्ट रूप से कहा है कि भूमि का एक इंच भी खोया नहीं है। हम ठीक वहीं हैं जहां हम थे। बीजेपी की ओर से कहा गया है कि झूठे नैरेटिव को आगे बढ़ाने के लिए राहुल गांधी ने तथ्यों को तोड़-मरोड़ कर पेश किया और एक पूर्व सेना प्रमुख को अपनी गंदी राजनीति में घसीट लिया। वो भी एक ऐसी किताब के जरिए जो अभी प्रकाशित भी नहीं हुई है। वहीं केंद्रीय संसदीय मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा कि हमारी पार्टी ने राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव शुरू किया। हम सभी विपक्ष के नेता राहुल गांधी का भाषण सुनने के लिए बैठे थे। लेकिन शुरू से ही राहुल गांधी ने नियमों का उल्लंघन किया और एक ऐसी किताब से कोट करना शुरू कर दिया, जिसके पब्लिकेशन और ऑथेंटिसिटी के बारे में साफ तौर पर कुछ नहीं बताया गया है।




### ...तो प्रधानमंत्री के जवाब का क्या मतलब

कांग्रेस ने केंद्र सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि जब राष्ट्रपति के अभिभाषण पर लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी को अपना भाषण पूरा नहीं करने दिया गया और पूरी चर्चा नहीं हुई तो फिर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जवाब देने का कोई अर्थ नहीं है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे के आवास पर हुई पार्टी के प्रमुख नेताओं की बैठक में आगे की रणनीति पर चर्चा की गई। बैठक के बाद पत्रकारों से बात करते हुए कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने कहा, 'पिछले तीन दिनों से लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष को बोलने नहीं दिया जा रहा है और वह अपना भाषण पूरा नहीं कर पाए हैं।'

### राहुल को गांधी-नेहरू परिवार का होने का घमंडः शर्मिष्ठा

पूर्व कांग्रेस नेता शर्मिष्ठा मुखर्जी ने अपने पिता एवं पूर्व राष्ट्रपति प्रणब मुखर्जी पर किताब लिखी है। इस किताब में शर्मिष्ठा ने अपने पिता के हवाले से कई खुलासे किए गए हैं। किताब में दावा किया है कि 2013 में राहुल गांधी द्वारा एक अध्यादेश की प्रति फाड़े जाने की घटना से वह (प्रणब) स्तब्ध रह गए थे। प्रणब मुखर्जी ने कहा था, उन्हें (राहुल के) खुद के गांधी-नेहरू परिवार का होने का घमंड है। किताब में दावा किया गया है कि यह घटनाक्रम 2014 के

### मनमोहन सरकार के वक्त पूर्व जनरल ने रॉ पर लिखी किताब, 19 साल से लड़ रहे केस

नरवणे आत्मकथा विवाद बीच एक पुराना मामला फिर सुर्खियों में आ गया है। यह मामला मेजर जनरल (रिटायर) वीके सिंह का है, जिनकी 2007 में प्रकाशित किताब 'इंडियाज एक्सटर्नल इंटेलिजेंस: सीक्रेट्स ऑफ रिसर्च एंड एनालिसिस विंग' है। किताब प्रकाशित होने के 19 साल बाद भी उन पर ऑफिशियल सीक्रेट्स एक्ट के तहत मुकदमा चल रहा है। मामले की अभी तक ट्रायल शुरू नहीं हुआ है दरअसल, द इंडियन एक्सप्रेस अखबार ने उनकी इस जनरल की पूरी कहानी प्रकाशित की है। जनरल सिंह अब 81 वर्ष के हो चुके हैं। वह 2002 में रिटायर हुए थे। वह 2004 तक रॉ में डेपुटेशन पर रहे। उनकी किताब प्रकाशित होने के तुरंत बाद 2007 में सीबीआई ने ऑफिशियल सीक्रेट एक्ट के तहत उनके खिलाफ केस दर्ज कर लिया। जब यह मामला उजागर हुआ तब केंद्र में दिवंगत प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह की सरकार थी। हालांकि इस केस से मनमोहन सरकार का कुछ सीधा लेना-देना था या नहीं। इंडियन एक्सप्रेस की रिपोर्ट में इसका कोई जिक्र नहीं किया गया है।

### नीट छात्रा मौत मामला

## रद्द होगा शंभू हॉस्टल का लाइसेंस, दोबारा नहीं खोल पाएंगे कोई ब्रांच

**पटना।** नीट-यूजी की तैयारी कर रही जहानाबाद की छात्रा की मौत मामले में पटना के चित्रगुप्त नगर के हॉस्टल संचालक पर कार्रवाई की जाएगी। हॉस्टल का लाइसेंस भी रद्द कराया जाएगा। डीजीपी विनय कुमार ने कहा कि हॉस्टल प्रशासन ने पुलिस को सही समय पर सूचना नहीं दी। हास्टल प्रशासन की जिम्मेदारी है कि सामान्य से सामान्य घटना है तो थाने को जानकारी देनी चाहिए।

नीट छात्रा मामले में पुलिस को सूचना देने पर कोताही बरती गई और काफी विलंब हुआ। ऐसे में हॉस्टल चलाने का लाइसेंस रद किया जाएगा। पुलिस यह सुनिश्चित करेगी कि हॉस्टल संचालिका अब पटना में कोई भी हॉस्टल का संचालन नहीं कर सके।वहीं दूसरी तरफ इस मामले में पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने की मांग को लेकर बुधवार को पीड़िता के गांव से बेटी बचाओ न्याय यात्रा की शुरुआत की गई, जिसका नेतृत्व घोसी विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक रामबली यादव ने किया। उन्होंने कहा कि यह यात्रा अरवल, जहानाबाद, नालंदा और औरंगाबाद होते हुए 10 फरवरी को पटना पहुंचकर विधानसभा के द्वार पर समाप्त होगी।

## अमेरिकी कोर्ट का फैसला, बिना वारंट अप्रवासी को गिरफ्तार नहीं कर सकेंगे ICE एजेंट

**वॉशिंगटन।** संयुक्त राज्य अमेरिका के ओरेगन राज्य के पोर्टलैंड में एक फेडरल जज ने अहम फैसला सुनाया। उन्होंने कहा, ओरेगन में अमेरिकी इमिग्रेशन एजेंटों को बिना वारंट के अप्रवासी लोगों को गिरफ्तार करना बंद करना होगा, जब तक कि उनके भागने की संभावना न हो।

अमेरिकी डिस्ट्रिक्ट जज मुस्तफा कसुभाई ने इस मामले में शुरुआती रोक लगा दी है। यह फैसला एक प्रस्तावित क्लास-एक्शन मुकदमे के बाद आया है। यह मुकदमा होमलैंड सिक्योरिटी विभाग के उस तरीके के खिलाफ था, जिसमें वे अप्रवासी को देखते ही पकड़ लेते थे। आलोचकों ने इसे 'पहले गिरफ्तार करो, बाद में सही ठहराओ' वाली नीति बताया है।

### बिना जांच के गिरफ्तार किए गए थे लोग

आईसीई के एक्टिंग हेड टॉड लियोन्स ने इस बात पर जोर दिया गया था कि एजेंटों को अपने अधिकारियों से जारी वारंट के बिना गिरफ्तारी नहीं करनी चाहिए, जब तक कि व्यक्ति के भागने का ठोस कारण न हो। इस मामले में जज के सामने सबूत पेश किए गए कि ओरेगन में एजेंटों ने छापों के दौरान बिना वारंट या बिना जांच किए लोगों को गिरफ्तार किया है।

### पूर्व पत्नी मेलिंडा के हमले के बाद बिल गेट्स ने दिया बड़ा बयान, कहा-

# 'एपस्टीन से मिलना...मेरी मूर्खता थी'

**वाशिंगटन, एजेंसी**

जेफरी एपस्टीन फाइल के खुलासों ने अमेरिका के कई दिग्गजों को मुश्किल में डाल दिया है। एपस्टीन फाइल में अमेरिकी उद्योगपति बिल गेट्स के खिलाफ भी कई बड़े खुलासे हुए हैं, जिसे लेकर उनकी पूर्व पत्नी मेलिंडा ने भी उन पर बड़ा हमला बोला है। इस बीच बिल गेट्स ने एक टीवी चैनल को दिए इंटरव्यू में जेफरी एपेस्टीन से मिलना खुद की मूर्खता बताया है। बिल गेट्स ने जेफरी एपस्टीन के साथ बिताए हर पल पर गहरा अफसोस जताया है।

**बिल गेट्स पर था ये बड़ा आरोप:** अमेरिकी न्याय विभाग द्वारा पिछले सप्ताह

### बिल गेट्स ने मांगी माफी

बिलिनियर गेट्स ने दिए साक्षात्कार में कहा, 'उसके साथ मैंने जो भी मिनट बिताए, मुझे हर एक पर अफसोस है और मैं माफी मांगता हूं। उन्होंने कहा, 'वह ईमेल कभी भेजा नहीं गया। ईमेल झूठा है। मुझे नहीं पता उसकी क्या सोच थी। क्या वह मुझे किसी तरह निशाना बनाने की कोशिश कर रहा था?' गेट्स के प्रवक्ता ने भी नए दस्तावेजों के जारी होने के बाद इसी तरह का खंडन किया। उन्होंने कहा, 'ये दस्तावेज सिर्फ इतना दिखाते हैं कि एपस्टीन गेट्स के साथ संबंध न होने से निराश था और वह उन्हें फंसाने तथा बदनाम करने के लिए कितनी दूर तक जा सकता था।



जारी दस्तावेजों के नवीनतम बैच में कई प्रमुख हस्तियों और एपस्टीन के बीच ईमेल शामिल थे, जो अक्सर गर्मजोशी वाली दोस्ती, अवैध वित्तीय सौदे और निजी तस्वीरें दर्शाते हैं। इन दस्तावेजों में एक ड्राफ्ट ईमेल था, जिसमें एपस्टीन ने आरोप लगाया कि गेट्स ने वैवाहिक संबंधों के बाहर अफेयर किए। एपस्टीन ने लिखा कि गेट्स के साथ उनका संबंध 'रूसी लड़कियों के साथ सेक्स के परिणामों से निपटने के लिए बिल को ड्रग्स दिलाने से लेकर, विवाहित महिलाओं के साथ उनके अवैध मिलन की सुविधा प्रदान करने' तक फैला था।

### आमतौर पर गर्म क्षेत्र में पाए जाते है मोर, घटना ने जलवायु परिवर्तन के प्रभावों को लेकर चिंताएं बढ़ाई

# मनाली में 6000 फीट ऊंचाई पर दिखे मोर, नहीं है शुभ संकेत

**कुल्लू, एजेंसी**

हिमाचल प्रदेश में मनाली के पास 6000 फीट से अधिक ऊंचाई पर जगतसुख गांव है। यह गांव पूरी तरह बर्फ से ढका है। इसी दौरान बर्फ से ढके जंगल में मोरों का एक जोड़ा देखा गया है। इस दुर्लभ दृश्य ने इस नाजुक पारिस्थितिकी तंत्र पर जलवायु परिवर्तन के प्रभावों को लेकर चिंताएं बढ़ा दी हैं। आमतौर पर मोर गर्म क्षेत्र में पाए जाते हैं। बर्फ में नजर आए इन मोरों ने जगतसुख में सनसनी मचा दी है। मौसम वैज्ञानिकों और वन्यजीव संरक्षकों ने हैरानी जताई है। वहीं गांव के कुछ लोग इस घटना को किसी अनहोनी से जोड़ रहे हैं।

जगतसुख के 52 वर्षीय बालक राम शर्मा ने कहा, 'मैं दंग रह गया। मुझे अपनी आंखों पर विश्वास नहीं हो रहा था। हमारे जंगलों में बर्फ में दो मोर थे।' कुछ ग्रामीणों ने उन्हें बताया कि ये जोड़े पिछले साल गर्मियों में जंगल में आए थे, लेकिन पहले बहुत कम दिखाई देते थे।




### तापमान में वृद्धि का असर

कुल्लू के उप वन संरक्षक (वन्यजीव) राजेश शर्मा ने टीओआई को बताया, 'हमें कुछ दिन पहले ग्रामीणों से सूचना मिली थी। हमने एक मोर की जांच की और पाया कि वह घायल नहीं था और उसकी उड़ान सामान्य थी। ग्रामीणों का कहना है कि ये जोड़ा छह महीने से अधिक समय से यहां रह रहा है।' उन्होंने कहा कि औसत तापमान में वृद्धि इस ऊंचाई पर मोरों के दुर्लभ दर्शन का एक कारण हो सकती है।

### कुल्लू-मनाली के घरों में पंखे

वाइल्ड लाइफ संरक्षक ने कहा कि 10-15 साल पहले तक कुल्लू और मनाली के घरों में छत के पंखे नहीं होते थे। लेकिन अब ज्यादातर जगहों पर मौसम गर्म हो गया है और ऊंचे पहाड़ अब उतने ठंडे नहीं रहे जितने पहले थे, इसलिए मोरों को कुल्लू के ऊपरी इलाके रहने लायक लग रहे होंगे और वे वहां के वातावरण के अनुकूल ढलने लगे होंगे।

### खाने की तलाश में पहुंचे मोर!

राजेश शर्मा ने कहा कि वे भोजन की तलाश में निचले इलाकों से भी पलायन कर रहे होंगे। राज्य के निचले पहाड़ी क्षेत्रों में मोरों की आबादी में वृद्धि हुई है और इन मोर का नजर आया शायद उसी का संकेत हैं। लेकिन फिलहाल कोई निष्कर्ष निकालना जल्दबाजी होगी क्योंकि अभी भी यह दर्शन दुर्लभ ही है।

### 1500 मीटर ऊंचाई तक ही मिलते हैं मोर

हिमाचल प्रदेश में मोर आमतौर पर 1000 मीटर की ऊंचाई पर पाए जाते हैं, लेकिन कुछ ऊना, बिलासपुर, हमीरपुर, कांगड़ा, मंडी और सोलन जैसे 1500 मीटर तक के क्षेत्रों में भी पनपते हैं। लगभग दो साल पहले, मनाली के पास डोभी गांव के जंगलों में 2000 मीटर से अधिक की ऊंचाई पर एक मोर देखा गया था।